**खबर संक्षेप**

## नगर के विद्यालय में समर कैंप की हुईं शुरूआत



**भुआबिछिया।** नगर के स्थानीय विद्यालय सरस्वती शिशु मंदिर में 1 मई से 15 मई तक विभिन्न विषयों में समर कैंप का आयोजित किया गया, आज समर कैंप का उदघाटन समिति के पदाधिकारियों द्वारा किया गया ओर आयोजन की शुरुवात की गई, कार्यक्रम के शुरुआत में मां सरस्वती ज़ी के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया इस अवसर पर समस्त आचार्य परिवार प्राचार्य एवं अन्य अतिथि मार्गदर्शक अभिभावक एवं छत्र छात्राएं की उपस्थित मे दीप प्रज्वलन के बाद प्राचार्य श्री मति निशा पांडे के द्वारा समर कैंप की भूमिका रखी गई, एवं जग मंडल बाल कल्याण समिति के व्यवस्थापक किशोरी साहू ने समर कैंप में प्रति भागियो को मार्गदर्शन दिया वही विशिष्ट अतिथि गोपाल राजपूत ने समर कैंप की सफलता हेतु सभी को अपने दायित्व का निर्वहन ईमानदारी पूर्वक करने का आग्रह किया, अंत में विद्यालय की प्राचार्य श्रीमति निशा पांडे के द्वारा अतिथियों का आभार प्रदर्शन किया गया। तत्पश्चात योग का अभ्यास कराया गया करसू राइटिंग, चित्रकला, केरियर गाइडेंस, इंग्लिश स्पोकन, संस्कृत व्याकरण ,वैदिक गणित, नृत्य, मेहंदी, ब्यूटीशियन, इंग्लिश ग्रामर आदि विषयों पर शिक्षकों के द्वारा मार्गदर्शन दिया गया कार्यकर्म मे सीमा नामदेव एवं विद्यालय की पूर्व छात्रा प्रिया सोनी का सराहनीय योगदान रहा तीनों विभाग के समर कैंप प्रभारी एम एल सिंगौर एवम समस्त आचार्य परिवार के सहयोग से आज समर कैंप में 101 छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।

### मुख्य मार्ग बन गए पार्किंग जोन, यात्री वाहनों को हो रही परेशानी

# मार्ग तक आ गई दुकानें, लगता जाम

*** ओव्हर लोड, तेज रफ्तार वाहनों पर कार्यवाही नहीं।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज

नारायणगंज मुख्यालय स्थित बस स्टेंड मार्ग से लेकर अस्पताल मार्ग तक फैले अतिक्रमण का खामियाजा आमजन को भुगतना पड़ रहा है। जिसके कारण आवाजाही में लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। नारायणगंज क्षेत्र की सड़के वैसे ही सकरी है, उसके ऊपर मार्ग किनारे दुकानों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है। जिससे मार्ग और सकरा हो गया है। यदि इस मार्ग से दो यात्री वाहन क्रॉस करना चाहे तो बड़ी मशक्कत के बाद दोनों वाहन क्रॉस हो पाते है। मार्ग किनारे अतिक्रमण के साथ वाहनों का भी जमावाड़ा यहां बना रहता है। जिससे आवाजाही में परेशानी उठानी पड़ती है। आए दिन जाम की स्थिति नारायणगंज बस क्षेत्र में बनती है। जिससे स्थानीयजन के साथ राहगीर भी आक्रोशित है।



जानकारी अनुसार नारायणगंज बस स्टेंड के आसपास समेत अस्पताल मार्ग, टिकरिया मार्ग, मंडला मार्ग में अतिक्रमण फैलता ही जा रहा है। यहां सड़क पर दुकानें आ गई हैं। इसके साथ ही मार्ग किनारे वाहनों की पार्किंग की जा रही है। जिससे सड़के और सकरी हो गई हैं। यहां आवागमन करने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। जिसके कारण अतिक्रमण बढ़ता ही जा रहा है। नारायणगंज के आमजनों में बेहद नाराजगी व्याप्त है।

### जाम से आमजन परेशान

स्थानीयजनों ने बताया कि नारायणगंज में बस स्टेंड से बस्ती, बस स्टैंड से जनपद पंचायत कार्यालय मार्ग, बस स्टेंड से जबलपुर मार्ग और मंडला मार्ग की सड़कें सकरी हो गई है। दुकानें के सामने आधी सड़क में वाहनों का जमावाड़ा लग रहा है। अतिक्रमण सड़क में फैल जाने के कारण यहां आवागमन में मुश्किलें हो रही है। आलम यह है कि जाम के हालात बन रहे है। कई बार यहां विवाद की स्थिति तक निर्मित होने के साथ हादसे का भी अंदेशा बना रहता है। आए दिन यहां जाम की समस्या के बीच जनता परेशान होना पड़ रहा है। मार्ग पर लगने वाले जाम से हर वर्ग परेशान हो चुका है। लेकिन इससे निपटने के लिए कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किये जा रहे है। स्थानीयजनों ने बताया कि बुधवार को नारायणगंज में साप्ताहिक बाजार लगता है, इस दिन तो यहां के चारो तरफ के मार्ग में पैर रखने की जगह नहीं मिलती है। जाम के बीच लोगो को अपने गंतव्य तक जाना पड़ता है। यदि चार पहिया वाहन इस जाम में फंस गया तो, ये चौपहिया वाहन भी रेंगते हुए अपनी मंजिल तक पहुंच पाता है।



### बेतरतीब खड़े हो रहे वाहन

नारायणंज बस स्टैंड में भी वाहन बेतरतीब खड़े हो रहे हैं। जिसके कारण यहां यात्रियों तक को खड़े होने की जगह नहीं होती है। बस स्टेंड आने वाले यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ती है। यहां बस स्टेंड भी अतिक्रमण की चपेट में आ चुका है। वाहनों के अलावा अस्थाई अतिक्रमण भी यहां बढ़ गया है। बताया गया कि तहसील मुख्यालय होने के कारण यहां मंडला, जबलपुर, रायपुर नागपुर के लिए यात्री आते है। जिससे बड़ी संख्या में यात्रियों को बस स्टेंड की अव्यस्था से परेशान होना पड़ता है। इस और प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है। बताया गया कि शिकवा, शिकायत के बाद ही औपचारिकता के लिए कार्रवाई की जाती है, जिसके बाद हालात जस के तस बन जाते है। यहां स्थानीय प्रशासन अतिक्रमण को लेकर गंभीर नहीं है। जिसके चलते यहां की जनता में नाराजगी बढ़ती जा रही है। नागरिकों का कहना है कि प्रशासन के द्वारा जानबूझकर कार्रवाई नहीं की जा रही है। प्रशासनिक अधिकारियों की मिलीभगत से ही अतिक्रमण बढ़ रहे हैं।

### ओवरलोड वाहन से खतरा

नारायणगंज क्षेत्र में वाहनों में जमकर ओवरलोडिंग की जा रही है। इससे हादसे का भी खतरा बना हुआ है। मुख्यालय से ग्रामीण अंचलों के सवारी ऑटो, जीप और वैन का संचालन किया जा रहा है। इनमें क्षमता से अधिक यात्रियों को बैठाकर ले जाया जा रहा है। प्रतिदिन अपने काम लेकर नारायणगंज आने वाले लोग इन वाहनों में सफर कर रहे हैं। इन वाहनों के लिए निर्धारित स्टैंड भी नहीं बनाए गए हैं। जिसके कारण नारायणगंज बस स्टैंड में अव्यवस्था बनी रहती है। पुलिस द्वारा जांच कार्रवाई करते हुए सख्ती नहीं की जा रही है। जिससे ओवरलोडिंग की वजह से हादसे का खतरा बना हुआ है। नारायणगंज क्षेत्र में पहले भी ओवरलोडिंग के चलते सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी है। ओवरलोडिंग के साथ तेज रफ्तार से नौसिखिए वाहन चालकों द्वारा वाहन चलाया जा रहा है लेकिन परिवहन और पुलिस द्वारा जांच कार्रवाई नहीं की जा रही है।

## सीएम राइज विद्यालय अंजनिया में समर कैंप का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/अंजनिया

जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश शासन की योजना अंतर्गत सी एम राइज विद्यालय अंजनिया में 27 अप्रैल से शुरुआत हुई समर कैंप का समापन 6 मई को होना है। जिसमें छात्र छात्राओं के सर्वागीढ़ विकास हेतु सुबह 8:00 से 11:00 तक ये ग्रीष्मकालीन केम्प में थीम के रूप में योगा बादन, एवं डांस के अलावा रंगोली कला, मेहंदी, क्राफ्ट वर्क, स्पोकन इंग्लिश इंडोर और आउटडोर गेम से बच्चों को रूबरू करवाया जा रहा है।

### अलग-अलग गतिविधियों से, बच्चे सीख रहे गुण?

इस दौरान वादन एवं गायन सिखाने के लिए खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय से तबले में पीएचडी कर रहे सुब्रत पटेल स्नातकोत्तर संगीत विशारद एवं डांस के लिए साक्षी नामदेव एम.टेक क्लासिकल डांस पारंगत एवं योग सिखाने के लिए विद्यालय के शिक्षक लोकेश पटेल उपलब्ध है। जिसमें समस्त शिक्षकों की उपस्थिति में विद्यार्थियों को अलग-अलग गतिविधियों से रूबरू करवाया जा रहा है। जिसमें इस कैंप पर जिला समन्वयक प्रवीण देशमुख 10 दिनों तक विद्यालय में रहकर शिविर की गतिविधियों में सहयोग कर रहे हैं। इस कैंप पर विद्यालय के छात्राओं के अलावा अन्य स्कूलों के विद्यार्थी शामिल है और आयोजन मुख्य अतिथि प्राचार्य हेमंत कुमार राणा, पीरामल फाउंडेशन से जिला समन्वयक प्रवीण देशमुख है।

## विद्युत विभाग की लापरवाही से अंजनिया में मची पानी की त्राहि त्राहि.........................

**अंजनिया।** अंजनिया में विद्युत विभाग द्वारा 01 मई को लाइन मेंटेनेंस तथा पेड़ काटने के लिए सुबह 7:00 बजे से 12:00 तक लाइट की सप्लाई बंद की गई थी। आज सुबह-सुबह अंजनिया पंप हाउस में ट्रांसफार्मर से कनेक्शन है वहां तक की केवल जल गई। जिसकी सूचना विद्युत विभाग को दी गई परंतु स्थानीय विद्युत कार्यालय में केवल उपलब्ध नहीं थी जिस कारण ग्राम पंचायत के पंच विमल मरकाम को केवल लेने बिछिया विद्युत कार्यालय पहुंचाया गया इस दौरान शासकीय वाहन से मण्डला जा रहे सिझोरा के जूनियर इंजीनियर ने केवल लोड कर अंजनिया में छोड़ देने की बात कही परंतु उनके द्वारा केवल अंजनिया में नहीं छोड़ी गई और वह अपने साथ लेकर मण्डला चले गए सुबह 5-6 घंटे लाइट बंद रहने तथा अधिकारियों द्वारा की गई लापरवाही के कारण टंकी में पानी नहीं भरा जा सका। जिससे पानी की त्राहि त्राहि मच गई। अभी स्थानीय स्तर पर केवल की व्यवस्था कर पंप हाउस में विद्युत सप्लाई शुरू की गई है।

## अवैध रेत परिवहन करते ट्रेक्टर जब्त, अनुविभागीय अधिकारी घुघरी ने थाने के सामने की जांच कार्यवाही



**मण्डला।** घुघरी में अवैध उत्खनन और परिवहन करते ट्रेक्टर को जब्त किया गया है। रेत लेकर परिवहन कर रहा ट्रेक्टर बिना रायल्टी चल रहा था। अवैध उत्खनन और परिवहन की शिकायत पर घुघरी थाने के सामने से जा रहे वाहनों पर कार्रवाई करने के लिए जांच कार्रवाई शुरू की। कार्रवाई के दौरान थाने के सामने से अनुविभागीय अधिकारी सीएल वर्मा ने अवैध परिवहन कर निकल रहे ट्रैक्टर को रोका। ट्रेक्टर चालक के पास वाहन में रखी रेत की रायल्टी नहीं थी। वाहन बिना रॉयल्टी के खनिज परिवहन कर रहा था। अवैध रूप से रेत लेकर जाने पर वाहन को घुघरी थाने में जब्त कर लिया गया। आगे की कार्रवाई घुघरी पुलिस कर रही है। बताया गया कि दो दिन पूर्व घुघरी क्षेत्र में रेत माफिया द्वारा अवैध उत्खनन कर रेत निकाली जा रही थी। जिसके विरोध में ग्रामीणों ने रोका। जिस पर रेतमाफिया द्वारा ग्रामवासी और मीडिया कर्मियों को जान से मारने की धमकी भी दी गई। जिसके लोकर मंगलवार को घुघरी के ग्रामीणों ने मंडला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और खनिज अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर जांच कार्रवाई की मांग की थी। जिस पर मंडला कलेक्टर के निर्देश पर बुधवार को अनुविभागीय अधिकारी घुघरी द्वारा अवैध रूप से खनिज परिवहन कर रहे वाहनों की जांच कार्रवाई की गइ। कार्रवाई में एक ट्रेक्टर वाहन को बिना रायल्टी के परिवहन करते हुए पकड़ा गया।

## शीतल जल सेवा केन्द्र प्रारंभ



**मण्डला।** भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ मंडला पदाधिकारियों द्वारा बस स्टैंड रोड मंडला में ग्रामीण जनों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए शीतल जल सेवा केन्द्र प्रारंभ किया गया है।सहायक आयुक्त जनजाति कार्यविभाग पदेन जिला कमिश्नर स्काउट एल एस जगेत , जिला सचिव स्काउट दिनेश दुबे के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें जिला अध्यक्ष अजय खोत, उपाध्यक्ष सुरेश चौधरी, उपाध्यक्ष कल्पना नागेश्वर , ए सी आफिस से राजेश बर्मन,डी टी सी क्रांति कुमार सोनवानी,डी ओ सी महेश प्रसाद सरौते,सह सचिव लोक सिंह पदम, मंडला ब्लाक प्रभारी डॉ रवि हरदहा , सह प्रभारी डॉ कमलेश हरदहा आदि उपस्थित रहकर इस भीषण गर्मी में पथिकों को जल पिलाने के अभियान में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान किया है जिसके लिए भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ मंडला के सभी पदाधिकारियों ने आभार व्यक्त कर साधुवाद दिया है।

**निर्देश** | **नगरीय निकायों की बैठक में कलेक्टर के निर्देश**

# कचरा फैलाने वालों पर लगे जुर्माना





*** सार्वजनिक शौचालयों की स्वच्छता करें अनिवार्य।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने नगरीय निकायों में होने वाले स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियों तथा विभिन्न निर्माण कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता और सौन्दर्यीकरण नगरीय निकायों की प्राथमिकताओं में सम्मिलित होना चाहिए। स्वच्छता अभियान में जन अभियान का स्वरूप प्रदान करें। संबंधित अधिकारी चैकलिस्ट का अध्ययन करें तथा उसके अनुसार विभागीय अधिकारी, कर्मचारियों को जिम्मेदारियाँ सौंपें। साथ ही नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में स्थानीय लोगों का सहयोग प्राप्त करें।

डॉ. सिडाना ने गीले तथा सूखे कचरे को पृथक-पृथक संग्रहित करने, कचरा प्रसंस्करण केन्द्रों को संचालित करते हुए गीले कचरे से खाद आदि बनाने की प्रक्रिया तथा सूखे कचरे के निष्पादन की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कचरा कचराघर समाप्त करें। लोगों को गाड़ी में ही कचरा डालने के लिए प्रेरित करें। कचरा फैलाने वाले व्यक्तियों पर जुर्माने की कार्यवाही करें। कचरा संग्रहण करने वाले वाहनों में रूटचार्ट लगाएं, चालक ड्रेस कोड पालन करें। वाहनों के लॉगबुक का विधिवत संधारण करें। डॉ. सिडाना ने कहा कि प्रमुख चौराहों तथा दीवारों पर स्वच्छता संबंधी पेंटिंग कराएं, सार्वजनिक शौचालयों की सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करें। कलेक्टर ने सिटीजन प्रोफाईल, जल संरचना, ग्रीन स्पेस तथा डॉक्यूमेंटेशन आदि के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल आपूर्ति की व्यवस्था को बेहतर बनाएं। हर घर तक स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करें। रास्ते पर खड़े वाहनों पर पुलिस, राजस्व, आरटीओ तथा नगरीय निकायों द्वारा सम्मिलित रूप से कार्यवाही करें। बैठक में सहायक कलेक्टर आकिप खान, परियोजना अधिकारी शहरी विकास हुनेन्द्र घोरमारे सहित सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारी सहित संबंधित उपस्थित रहे।

### लापरवाह ठेकेदारों को ब्लेकलिस्टेड करें

बैठक में कलेक्टर ने जिले के सभी नगरीय निकायों में संचालित निर्माण कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुए कार्यों पर गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया ऐसे ठेकेदार जिन्होंने निर्माण कार्य प्रारंभ करके कार्य को बंद कर दिया है वे यदि एक सप्ताह में निर्माण कार्य को पुनः प्रारंभ नहीं करते तो उन्हें ब्लेकलिस्टेड करने की कार्यवाही करें। कलेक्टर ने कहा कि जल संरचनाओं तथा पार्क निर्माण के कार्यों को जल्द पूरा कराएं। कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें।

### जल्द पूरा कराएं आवासों के कार्य

बैठक में कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने निर्देशित किया कि स्वीकृत आवास के कार्यों को 15 जून 2024 के पूर्व पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। संबंधित नगरीय निकाय का तकनीकि अमला हितग्राहीवार समीक्षा करते हुए कार्यों में प्रगति लाएं। बिछिया में 63 तथा नैनपुर में 36 आवास के कार्य अब तक प्रारंभ नहीं किए जाने पर उन्होंने अप्रसन्नता व्यक्त की। डॉ. सिडाना ने कहा कि अमृत 2.0 के कार्यों को सीएमओ व्यक्तिगत रूप से मॉनिटर करें।

## थाना कोतवाली पुलिस की शराब के अवैध परिवहन पर कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




दिनांक 30/04/24 को थाना कोतवाली पुलिस को प्राप्त सूचना पर तत्काल एक्शन लेते हुए थाना प्रभारी कोतवाली के नेतृत्व वाली टीम द्वारा कार्यवाही की गयी। टीम को सूचना मिली की मरघटी के पास देवदरा में सूरज सोनवानी निवासी देवदरा का काफी मात्रा में अंग्रेजी शराब लाकर रखा है जो शहर में स्कूटी से अपने लड़कों के साथ स्पलाई कर रहा है। पुलिस टीम द्वारा बताये गये स्थान पर तत्काल दबीश दी गयी। दबिश के दौरान पुलिस टीम ने बताये स्थान पर 02 स्कूटी व कुल 17 पेटी शराब जिसमें 07 नग खड्डे के कार्टून पेटी में अंग्रेजी गोवा कम्पनी की शराब प्रत्येक पेटी में 50-50 पाव प्रत्येक 180 एम. एल., 02 नग खड्डे के कार्टून पेटी में जिनियस अंग्रेजी कम्पनी की शराब प्रत्येक पेटी में 50-50 पाव प्रत्येक 180 एम.एल., 05 नग खडडे के कार्टून पेटी में देशी मदिरा प्लेन की प्रत्येक पेटी में 50-50 पाव प्रत्येक 180 एम.एल., 03 नग खडडे के कार्टून पेटी में अंग्रेजी हंटर कम्पनी की बीयर प्रत्येक पेटी में 12-12 बोतल, प्रत्येक 650 एम.एल. कुल 17 पेटी 149.4 लीटर कीमती 84000 रु. की मिली जिसे दिनांक 30.04.2024 को जब्त किया गया। आरोपी का कृत्य धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध का पाये जाने आरोपी के विरूद्ध थाना कोतवाली में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। दबीश के दौरान आरोपी मौके से पुलिस टीम को देखकर फरार हो गया जिसकी तलाश हेतु पुलिस टीम द्वारा लगातार दबीश दी जा रहीं हैं।

उक्त कार्यवाही अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मंडला के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शफीक खान के नेतृत्व में टीम द्वारा की गयी जिसमें सहायक उप निरीक्षक भुवनेश्वर वामनकर, प्रआर पुरन ईडपांचे, आरक्षक सुंदर भलावी, अमित गरयार, रामचरण, मानसिंह परते शामिल रहें।

उल्लेखनीय है कि मंडला पुलिस द्वारा जिले में नशे के खात्मा हेतु आपरेशन क्लीन स्वीप चलाया जा रहा हैं एवं आपरेशन के तहत हेल्पलाइन नंबर 7587644166 जारी किया गया है जिसपर प्राप्त सूचना पर मंडला पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही हैं।



**खबर संक्षेप**

## तूमडा में पुरूषों की अपेक्षा महिलाये आगे रही मतदान करने में

**गाडरवारा।** संपन्न हो चुके लोक सभा चुनाव को लेकर निश्चित तौर अब प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला आने के लिये लम्बा इंतजार करना पड़ेगा। क्योंकि अनेक जगहों पर अभी चुनाव होना बाकी है। मगर इसके बाद भी लोगों को अब 4 जून का बेसब्री से इंतजार। वही दूसरी ओर संपन्न हुये मतदान पर गौर किया जावे तो जिस तरह निर्वाचन आयोग के निर्देश पर शासन प्रशासन द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया था उसका असर ग्रामीण क्षेत्रों में काफी सफल दिखाई देते हुये जान पड़ रहा है। क्योंकि शहर की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान में हुई बढोत्तरी ही उजागर करते हुये देखी जा रही है।

## निजी फाइनेंस कंपनी का गोरखधंधा

**सांईखेड़ा।** कुछ दिनों तक रोक लगने के बाद अब फिर क्षेत्र के गॉवों मे ऐसी निजी फाइनेंस कम्पनियों से जुड़े हाईटेक युवकों की रेडी उतर आयी है जो छोटे धंधों की शुरूआत के लिए ग्रामीण महिलाओं को ऋण देने का आश्वासन देकर अपने प्रलोभन के जाल मे गॉवों की भोली भाली अशिक्षित महिलाओं को फॅसाकर बड़े मीठे अंदाज मे उनका आर्थिक शोषण कर रहे है,हासिल जानकारी के अनुसार क्षेत्र के आसपास अनेक गांवों मे लम्बे समय से एक तथा कथित फाइनेंस कम्पनी से सम्बंधित कुछ युवक गॉव की महिलाओं को आत्मनिर्भरता का पाठ सिखाते हुए उन्हे ठगने की लगातार कोशिश कर रहे है? ज्ञात हुआ है कि उक्त कंपनी की तरफ से पति पत्नी की साथ फोटो प्रस्तुत करने पर महिलाओं को धंधा शुरू करने के लिए 8 हजार रू. लोन दिया जाता है तथा ऋण लेने वाली ग्रामीण महिला से हर हप्ते 20 रू. बीमा की राशि वसूल की जाती है?


## चार पायों के डेरा से हर नागरिक हो रहे परेशान

**गाडरवारा।** लोग अपने घरों में दूध खाने के लिए जिस प्रकार से पालते है। मगर उनकी देख रेख करने की जगह नगरवासियों को परेशानी शानी पैदा करने छोड़ देते है? पशु मालिक दूध निकालकर दुधारू पशु को अपने घर से डण्डा मारकर बाहर निकाल देते है जियके चलते शाम होते ही शहर के मुख्य मार्गो में आवारा पशुओं का जमघट लगा रहता है। इसी का परिणाम है कि आये दिन लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है। इस प्रकार से आवारा पशुओं का इन दिनों सड़कों में जाम लगना आम बात हो गई है और आमलोग जाम से तंग आ चुके है। क्योंकि इन जानवरों को हटाये जाने को लेकर न तो प्रशासन गंभीर दिख रहा है और न ही पशु मालिक, ऐसे में आम नागरिको को काफी कठिनायों का सामना करना पड़ रहा है। कहने के लिये तो कुछ दिनों पहले नगर पालिका प्रशासन द्वारा सोशल मीडिया पर एक पत्र जारी करते हुये लोगों को अवगत कराया गया था कि सड़को पर घूमने वाले पशुओं को पकड़कर शहर के बाहर छोड़ने के लिये एक टीम का गठन किया है। मगर पता नही वह टीम कहा काम कर रही है इस बात का पता नही नही चल पा रहा है? यदि गौर किया जावे तो इन दिनों शहर के प्रमुख स्थान पलोटन गंज, रेल्वे स्टेशन रोड़, झंडाचौक, पुरानी गल्लामंडी, राठी तिरहा, आमगांवनाका, नया बस स्टेन्ड सहित अनेक स्थानों पर यह मवेशी अपना डेरा जमाये आये दिन हादसो को भी आमंत्रित करते रहते है। इतना ही नही नगर के पुलिस के थाने के सामने भी पशुओं का डेरा होने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करने मजबूर होना पड़ रहा है। इस प्रकार बेपरवाह पालक शहर की सड़को पर आवारा घूम रहे इन जानवरो के पालक पूरी तरह से बेपरवाह बने रहते है तो दूसरी ओर दुधारू जानवरो का दूध निकालने के बाद पशु पालक इन्हे सड़को पर खुल्ला छोड़ देते है ऐसे में ये जानवर सड़को पर पहुंच कर अपना डेरा जमा लेते है, कभी कभार तो इन आवारा जानवरों की वजह से गंभीर हादसे भी घटित हो चुके है। मगर इन आवारा पशुओं को प्रशासन द्वारा हटाये जाने किसी भी प्रकार के प्रयास नही किये जा रहे है और न ही पशु पालकों के खिलाफ कोई कार्यवाही जिसके कारण पशु पालकों के हौसले बुलंद होते जा रहे है।

# कथा शुभारंभ पर निकाली गई कलश शोभा यात्रा

## बैशाख माह में नगर में बहेगी धर्म की गंगा

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।


इस समय चल रहे बैशाख मास के दौरान जहां चारों ओर धार्मिक आयोजन होते हुये देखे जा रहे है। मगर नगर के शनि मंदिर के समीप शुरू हुइ्र भव्य श श्रीमद भागवत कथा ज्ञानयज्ञ सप्ताह के आयोजन के पूर्व जिस तरह कलश शोभायात्रा निकाली गई वह निश्चित तौर से इतिहासिक बनने से नही चूक पाई है। नगर के समाज सेवी सुरेन्द्र श्वेता नामदेव परिवार द्वारा आयोजित किये जा रहे भागवत कथा आयोजन पूर्व निकाली गई कलश शोभायात्रा ने नगर की गलियों को धर्ममय बना डाला है। नगर के शनि मंदिर के समीपस्थ 1 मई से 7 मई तक भव्य संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन हो रहा है। इस भव्य आयोजन में मुख्य वक्ता के रूप में श्री श्री 1008 महामण्डलेश्वर स्वामी इन्द्रदेव सरस्वती महाराज श्रीधाम वृदावन उत्तर प्रदेश द्वारा अपनी पावन वाणी से प्रतिदिन दोपहर 4 बजे से शाम 7 बजे तक भगवान कृष्ण की लीालाओं का वर्णन सुनावेगे। इस तरह कथा शुभारंभ के पूर्व नगर में भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभा यात्रा में सैकड़ो की संख्या में शामिल महिलाये जहां अपने सिर पर मंगल कलश लेकर जब नगर की सड़को से गुजरी तो संपूर्ण नगर गोकुलधाम का रूप धारण करने से नही चूका तो दूसरी ओर शोभायात्रा के दौरान आगे आगे चल रहे अश्व यानि की घोड़ा जिस तहर से नृत्य करते हुये चल रहे थें। वही दूसरी ओर शोभायात्रा में रथ पर सबार भगवान कृष्ण की लीलाओं से संबंधित नृत्य की प्रस्तुति सभी का मन मोहने से नही चूक रही थी। वही शोभायात्रा के दौरान अनेक प्रकार के फूलों से सजे हुये रथ पर सवार महान संत स्वामी इन्द्रदेव सरस्वती महाराज व कथा के आयोजन सुरेन्द्र श्वेता नामदेव भागवत पुराण को अपने सिर पर लेकर पैदल चलने के दौरान लोगों ने कथा वाचक संत सहित भागवत पुराण का पूजन करते हुये आर्शीवाद ग्रहण किया। इस तरह नदी मुहल्ला के छिडाव घाट मंदिर से शुरू हुई इस शोभायात्रा चौकी मुहल्ला से निकलकर झंडाचौक होते हुये सराफा बाजार से पुरानी गल्ला मंडी से निकलकर कथा स्थल पहुंची जहां पर शोभायात्रा का समापन हुआ। वही आयोजन के प्रथम दिवस कथा वाचक महाराज जी जब अपनी व्यास गाधी पर विराजमान हुये तो इस आयोजन के आयोजक द्वारा भगवान की पादुका पूजन करने के साथ साथ भागवत पुराण का पूजन किया गया। वही दूसरी ओर कलश यात्रा में शामिल हजारों की संख्या में पहुंची महिलाओं को महाराज जी द्वारा अपना आर्शीवचन देते हुये कहा कि किसी भी आयोजन की कलश यात्रा का महत्व अलग ही होता है। महिलाये जिस तरह अपने सिर पर कलश लेकर आती है उसमें भगवान का वास होता है और आज सैकड़ो की संख्या में आयोजन स्थल तक जिस तरह भगवान को अपने सिर पर रखकर पहुंचाया है उससे ही प्रतीत होने से नही चूक रहा है कि अब इस गाडरवारा नगर में धर्म की गंगा बहने से नही चूक पायेगी। इस तरह सात दिवसीय आयोजन के प्रथम दिवस स्वामी इन्द्रदेव ने कहा कि हम सब में कर्म के प्रति श्रद्वा का भाव होना चाहिये। किसी भी कार्य में यदि श्रद्वा नही है तो उस आयोजन को कोई महत्व नही होता है। आज मेने देखा की कलश यात्रा के दौरान महिलाये सूरज की तेज तपन के बीच नग्गे पैर चल रही थी उससे उनकी श्रद्वा व भाव स्पष्ट होने से नही चूक पाया है। क्योंकि हमारी श्रद्वा से ही ज्ञान पैदा होता है। इस तरह नगर के निकाली गई भव्य कलश यात्रा में अपने सिर पर कलश लेकर चल रही श्रीमति मोहनी से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि निश्चित तोर से नगर व क्षेत्र वासी बडे सौभाग्य शाली है जिन्हें चल रहे वैशाख मास में भगवान श्रीकृष्ण की कथा सुनने का सौभाग्य मिल रहा है और देश के महान संत के दर्शन व आर्शीवाद अवसर मिला है। इसी प्रकार से श्रीमति मोनिका राजपूत का कहना था कि वैसे भी देखा जावे तो बैशाख माह धर्म के लिये प्रमुख माना जाता है। मगर इस मार्ग के बुधवार के दिवस जिस तरह हम लोगों को भागवत कथा की कलश यात्रा में शामिल होने का सौभाग्य मिला है इससे निश्चित ही हम अपने आपकों सौभाग्य शाली मानते है। वही दूसरी ओर श्रीमति सुरभी नामदेव द्वारा भी हरिभूमि से चर्चा करते हुये कहा कि गाडरवारा क्षेत्र की जनता बडे ही सौभाग्य साली है जो चल रहे बैशाख मास के दौरान महान संत के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन सुनने का अवसर प्राप्त हो रहा है। इसी प्रकार से श्रीमति वंदना साहू का कहना है कि गाडरवारा में आयोजित होने वाले यह श्रीमद भागवत कथा क्षेत्रवासियों के लिये सुख समृद्वि का संदेश देने वाले साबित होने से नही चूक पायेगी। इस आयोजन को संपन्न कराने वाले हमारे क्षेत्र के नामदेव परिवार सदा ही क्षेत्रवासियों की खुशहाली की ओर ले जाने के प्रयासों में लगे रहते है। मगर उनके माध्यम से जिस तरह भगवान श्रीकृष्ण की कथा में इस तरह अपने सिर पर कलश रखते भक्ति प्राप्त करने के आलवा 7 दिनों तक कथा सुनने का अवसर प्राप्त हो रहा है। इसके चलते मै अपने आपको बडी ही सौभाग्य शाली मानती हूं।



# डीपीसी ने जनशिक्षकों की बैठक में दिये जरूरी दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

मंगलवार को जिला शिक्षा केन्द्र से आये डीपीसी डॉ आर पी चतुर्वेदी ने ग्राम आमगांव छोटा के शासकीय उ मा विद्यालय में साईंखेड़ा ब्लॉक के समस्त बीएसी,जनशिक्षकों की बैठक ली। इस अवसर पर उन्होने कहा कि शासकीय बालिका छात्रावास में नए सत्र के मद्देनजर अधिक से अधिक छात्राओं के एडमिशन हेतु सभी मिल जुलकर प्रयास करें। इस दौरान उन्होंने छात्रावास अधीक्षिका रामवती पट्टावी से कहा कि वह ग्रामो में सम्पर्क कर छात्राओं का दाखिला छात्रावास में कराएं। डीपीसी चतुर्वेदी ने इस अवसर पर कक्षा 5 वी एवं कक्षा 8 वी के परिणामो में जिले के एकबार पुनः अव्वल रहने के लिए शुभकामनाएं दी एवं कहा कि ये सब आप सभी एवं छात्र छात्राओं की शानदार मेहनत का नतीजा है। बैठक में डीपीसी चतुर्वेदी ने नए सत्र हेतु समय पर नामांकन, मैपिंग कार्य को पूर्ण करने एवं समय पर स्व सहायता समूहों से खाद्यान्न उठाव कराने के निर्देश भी दिए। बैठक में बीआरसी संदीप स्थापक ने कहा कि सभी स्कूलों मे लंबित कार्य कोई भी न रहे इस उद्देश्य को लेकर कार्य करें। बैठक में एपीसी यजुवेंद्र सिलावट, समीर त्यागी, बीएसी मनीराम मेहरा, योगेन्द्र झारिया, पवन राजौरिया , जनशिक्षा केंद्र प्रभारी मोहन मुरारी दुबे सहित समस्त जनशिक्षक उपस्थित रहे।

# पुलिस के हाथ लगा थाने से चंद कदम दूरी से बाइक चोरी करने वाला आरोपी, जप्त की गई मोटर साईकिल

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।



जिला पुलिस अमित कुमार के मार्गदर्शन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नागेन्द्र पटेरिया तथा उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के निर्देशन लगातार चलाई जा रही संदिग्धों के खिलाफ मुहिम के चलते बीते हुये दिवस मोटरसाईकल चोरी करने के आरोपी को पकड़ने में गाडरवारा द्वारा सफलता हासिल की गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस प्रार्थी अरविंद सिंह ठाकुर पिता दौलत सिंह ठाकुर निवासी ग्राम पीपरपानी थाना साईखेड़ा पेशी के लिए गाडरवारा आया था। इस दौरान उन्होने ने अपनी मोटर साईकिल TVS कम्पनी की स्टार स्पोर्ट लाल रंग व जिसका रजि.क्रमांक MP49MB5173 को गाडरवारा न्यायालय के बाहर खड़ा करके अंदर चले गये थें। कुछ देर के बाद जब वह वापस आये और देखा,तो उक्त मोटर साईकिल नहीं थी। उनके द्वारा आसपास तलाश किये जाने के बाद भी जब पता नही चला तो प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना गाडरवारा में मामला कायम करते हुये खोजबीन शुरू की गई। इस तरह न्यायालय के सामने तथा पुलिस थाने से चंद कदम दूरी से चोरी हुई मोटर साईकिल के प्रकरण की गंभीरता को मद्देनजर रखते हुये अज्ञात चोर की गिरफ्तारी एवं संपत्ति बरामदगी हेतु विशेष टीम गठित कर लगातार संदिग्ध व्यक्तियों की धरपकड़ एवं पूछताछ की गई । दौरान बीते हुये दिवस पुलिस को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति जमाड़ा रोड पर एक चोरी की मोटर साईकिल बेचने के लिए खड़ा है । सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये पुलिस द्वारा जमाडा रोड पहुंचकर लाल रंग की मोटर साईकिल लिए खड़े संदेही को देखा जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। मगर घेराबंदी करते हुये संदेही को पकड़कर जब पूछताछ की गई तो आरोपी ने अपना नाम उमंग पिता राजेश ताम्रकार उम्र 31 साल निवासी चीचली रहने वाला बताया गया। वही आरोपी जिस बइक को रखे हुये था उसके दस्तावेजों के संबंध में पूछताछ की गई । पूछताछ पर मोटर साईकिल चोरी का होना बताया,जिसे अभिरक्षा में लेकर आरोपी के कब्जे से चोरी गयी मोटर साईकल MP49MB5173 रजिस्ट्रेशन नंबर MP49MI6391 का कार्ड पेश करने पर समक्ष गवाहान के वजह सबूत में जप्त कर कब्जा पुलिस मे लिया गया। वही आरोपी को गिरप्तार किया गया। इस तरह न्यायालय के सामने से बाइक चोरी करने वाले आरोपी को पकड़ने में नगर निरीक्षक उमेश तिवारी , सहायक उप निरीक्षक हरिशंकर बटके,वरिष्ठ आरक्षक राजेश बागरी, प्रधान आरक्षक धनीराम ,आरक्षक बालकिशन रघुवंशी ,आरक्षक सुजीत बागरी,आरक्षक उत्तम उचाड़िया की अहिम भूमिका बताई जाती है।

# अपने साथ दूसरों की जिन्दगी को भी पहुंचाते है खतरा, प्रशासन की चुप्पी पर खड़े हो रहे सवाल

हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।



जहां एक ओर आये दिन पुलिस प्रशासन द्वारा यातायात में सुधार लाने की बात को लेकर चालानी कार्यवाही करते हुये देखा जाता है, जिसमें अनेक इस प्रकार के लोगों के खिलाफ भी पुलिस द्वारा अपनी चालानी कार्यवाही करने से नही चूकती है जो किसी भूलवस अपने वाहनों के जरूरी कागज घरों पर भूल जाते है और उन्हें पुलिस की इस कार्यवाही का शिकार होना पड़ता है? मगर यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो पुलिस द्वारा उन लोगों को पूर्णरूप से नजर अंदाज कर दिया जाता है जो एक बाइक पर तीन की जगह खुलेआम चार चार लोग बैठते हुये जहां यातायात नियमों की धज्जिया तो उडाते हुये देखे ही जाते है साथ ही साथ अपनी व दूसरों की जिन्दगी को खतरा पैदा करने से नही चूकते है? इस बात की सच्चाई बीते दिवस नगर के मुख्य बाजार में उस समय देखने मिली जब एक बाईक पर चार लोग बैठते हुये पुलिस थाने के ठीक सामने से निकलकर बाजार तक पहुंच गये पर पुलिस द्वारा इनके खिलाफ कार्यवाही करने की बात तो दूर उन्हें रोककर हितायद देना भी जरूरी नही समझा? अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि यदि इस प्रकार के वाहनों के माध्यम से कोई सड़क घटना घटित हो जाती है तो उसका जिम्मेदार कौन होगा? क्योंकि इस प्रकार से वाहनों के संचालन को पुलिस प्रशासन द्वारा नजर अंदाज किये जाने का परिणाम है कि वाहन चालक खुद के साथ साथ दूसरों की जिन्दगी को भी खतरा पैदा करने से नही चूक रहे है, मगर इसके भी पुलिस द्वारा इस सच्चाई को जिस प्रकार से नजर अंदाज किया जा रहा है उसके चलते आये दिन सड़क दुर्घटनाएं घटित होना आम बात होता जा रहा है।

# अनेक मूलभूत सुविधाओं से वंचित सालीचौकावासी हो रहे परेशान, छोटी जरूरतों के लिए दौड़ना पड़ता है गाडरवारा

हरिभूमि न्यूज/ सालीचौका।

कहने के लिए तो सालीचौका को ग्राम पंचायत से बढ़कर नगर परिषद का दर्ज मिल चुका है, मगर यदि सालीचौका की सच्चाई पर गौर किया जावे तो आज भी यहां के निवासी अनेक प्रकार की मूलभूत समस्याओं से जूझते हुए देखे जा रहे है क्योंकि उन्हें छोटी छोटी जरूरतों के लिए गाडरवारा शहर या फिर अन्य शहरों के लिए जाने के लिए मजबूर होना पड़ता है। यदि व्यापारिक दृष्टि पर गौर किया जावे तो सालीचौका क्षेत्र को धान का कटोरा कहा जाता है इस क्षेत्र में सबसे अधिक धान पैदा की जाती है। वही दूसरी ओर इसी के चलते क्षेत्र में बड़ी बडी दो राईस मिले संचालित होने के साथ साथ बड़ी बड़ी दो शुगर मिल है। वही कृषि मंडी होने के साथ साथ यहां पर हायर सेकेण्डरी द्वारा का शासकीय स्कूल व स्वास्थ्य केन्द्र भी स्थापित है, जिसके चलते देश के प्रधानमंत्री द्वारा डिजीटल इंडिया बनाने की मुहिम के चलते आम लोगों का हर प्रकार का लेनदेन बैकों के माध्यम से किया जा रहा है, इस स्थिति में सालीचौका में पर्याप्त बैकों की स्थापना नही होने के कारण जहां लोगों को अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होते हुए देखा जा रहा है। बैक के नाम पर मात्र एक बैक होने के कारण लोग परेशान होने के लिए मजबूर हो रहे है जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो आम लोगों के अनेक प्रकार के कार्य व लेनदेन राष्ट्रीयकृत बैकों के माध्यम से होते है, इस प्रकार से सालीचौका में राष्ट्रीयकृत बैक नही होने की स्थिति में जहां लोगों को दूसरे शहर जाने के लिए परेशान होते हुए देखा जाता है। वही स्कूली छात्र छात्राओं को भी बैक संबंधी स्कूलों में जब दस्तावेज मांगे जाते है तो उसमें राष्ट्रीयकृत बैक के होना जरूरी होने के कारण उन्हें अन्य दूसरी जगहों पर अपने खाते खुलवाना पड़ रहे है? वही जब सभी प्रकार के लेनदेन बैकों के माध्यम किये जाने को लेकर देश प्रधानमंत्री द्वारा लेनदेन को भी केशलेस बनाया जा रहा है तो फिर यहां पर मात्र एक ही एटीएम होने के कारण लोगों को अपने खातों से राशि निकालने में भी अनेक परेशानियों का सामना करते हुए देखा जाता है, इस स्थिति में गौर किया जावे तो जहां डिजीटल इंडिया के सपने को ग्रहण लगते हुए देखा जा रहा है। वही दूसरी ओर आम लोगों को परेशानियों का भी सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। इस प्रकार से सालीचौका क्षेत्र की जनता अनेक प्रकार की मूलभूत सुविधाओं से बंचित रहने की स्थिति में क्षेत्र के नेताओं को हरिभूमि के माध्यम से लगातार अवगत कराया जा रहा है, मगर इसके बाद भी किसी के द्वारा ध्यान न देना निश्चित ही चिंता जनक सच्चाई सामने आ रही है। वही दूसरी ओर लोग यह बात भी कहने से नही चूक रहे है कि क्षेत्र के नेताओं की राजनीति सिर्फ वोट मांगने तक ही सीमित होकर रहे चुकी है? क्योंकि जिन समस्याओं से क्षेत्र के लोग जूझ रहे है उन समस्याओं से निजात दिलाने के लिए शायद ही आज तक किसी नेता द्वारा अपनी आवाज बुलंद की गई हो।

# शासन की जननी योजना हुई फेल ग्रामीण अंचलों में नहीं मिल रहा इसका लाभ



**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।** शासन द्वारा जज्चा बच्चा की रक्षा की मंशा को ध्यान में रखते हुए कुछ वर्ष पहले शासकीय अस्पताल मे सुरक्षित प्रसव कराने के लिए ग्रामीण अंचलों की गर्भवती महिलाओं को शासकीय अस्पताल तक निःशुल्क पहुंचाने हेतु जननी एक्सप्रेस योजना लागू की गई है, लेकिन यह योजना अब ग्रामीण क्षेत्र मे दम तोड़ती नजर आ रही है? क्योकि जिला एवं तहसील अस्पताल मे दूरस्थ ग्रामीण अंचलों से प्रसव कराने पहुंच रही अधिकांश महिलाओं मोटी रकम देकर स्वयं के खर्चे वाहन की व्यवस्था करना पड़ता है। हितग्रहियों की हमेशा यही शिकायत रहती है कि बार बार जननी एक्सप्रेस को फोन लगाने पर या फोन उठाया ही नही जाता या अगर उठाया भी जाता है कि वाहन कही और दूसरी गर्भवती महिला को लाने गया है का बहाना बताया जाता है, इस तरह से मजबूरी मे लोगों को निजी वाहन करके अस्पताल आना पड़ता है। नही हुए सार्थक प्रयास-प्राप्त जानकारी के अनुसार गाडरवारा तहसील स्तर की शासकीय अस्पाताल होने के कारण इस क्षेत्र में तीनो ब्लाक सांईखेड़ा, चावरपाठा व चीचली आते है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो यदि कोई व्यक्ति भौरझिर, घघरोला, पटना, सूरना, करहैया से गाडरवारा जाने के लिए इस जननी एक्सप्रेस का लाभ लेना चाहता है तो उसे कह दिया जाता है कि उसे गाडरवारा से यह सुविधा मिलना मुश्किल है। यही हाल सांईखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत भी अनेक गांवों में देखने मिल रहा है जहां पर इस योजना का लाभ मिलने की बात तो दूर आज तक उन्होंने जननी एक्सप्रेस को देखा तक नही है, इस स्थिति में उसे निजी वाहन का उपयोग करना पड़ता है, तो सरकार की इस योजना का क्या लाभ जब गांव के लोगों को इसका फायदा नही मिल पा रहा है तो? गरीबी मे आटा गीला-कुछ ग्रामीणों से पूछने पर उन्होने बताया कि उनसे ड्रायवरों द्वारा भी अलग से राशि की मांग की जाती है। वही जैसे तैसे उनके द्वारा अधिक राशि मे एबूलेंस की व्यवस्था की जाती है।

खबर संक्षेप

## जिला स्तरीय पशु चिकित्सालय में डॉक्टरों की मनमानी..!



**डिंडौरी।** जिला मुख्यालय में संचालित जिला स्तरीय पशु चिकित्सालय में पदस्थ डॉक्टरों की लंबे समय से मनमानी चल रही हैं, जिसके चलते पशु पालकों को आये दिन परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, स्थानीय पशु पालकों की माने तो यहाँ कभी भी समय पर डॉक्टर मौजूद नही रहते हैं, जब मन आया तब आते है जब मन किया ड्यूटी छोड़कर मनमानी करते हैं। काफी मशक्कत के बाद पशुओं का इलाज होता हैं। इस तरह की मनमानी और लापरवाह रवैये की जानकारी मिलने पर जब सोमवार को पत्रकार दिन में 12 बजे पहुँचे, उस दौरान कोई भी डॉक्टर चिकित्सालय में मौजूद नही थे। डॉक्टरों के कमरों पर ताला लटकता मिला, अस्पताल में एक कर्मचारी बेंच में खर्राटे लेते हुए मिला जिससे डॉक्टरो के बारे में जानकारी लेने पर बताया कि अभी तक कोई नही पहुंचा है। सूत्रों की माने तो पशु चिकित्सा विभाग में मनमानी चरम पर है, लंबे समय से पदस्थ चिकित्सक राजनीतिक संरक्षण के चलते कर्तव्यों की धज्जियां उड़ाते हुए मौज कर रहे हैं। जब इस संबंध में उप संचालक पशु चिकित्सा विभाग से बात की गई तो उनका कहना था कि में फील्ड में था डॉक्टरो के अनुपस्थिति होने की जानकारी नहीं है।

## सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन



**मेंहदवानी।** विकास खंड मुख्यालय मेंहदवानी में मंगलवार का दिन सेवानिवृत्ति का दिन रहा। 30 अप्रैल को कई कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मेंहदवानी के सेक्शन मटियारी में एएनएम सुश्री माया चैधरी विगत 38 वर्षो से लगातार स्वास्थ्य सेवाएं दे रही थी। सेवानिवृत्ति पर माया दीदी के नाम से मशहूर एएनएम माया चैधरी को कुशल कार्य और स्वच्छ व्यक्तित्व की सराहना करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेंहदवानी में कार्यरत समस्त अधिकारी कर्मचारियों द्वारा विदाई समारोह आयोजित कर प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु होने कामना किया गया। इस अवसर पर बीएमओ चन्द्रशेखर धुर्वे सहित स्वास्थ्य विभाग के सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

## कलेक्टर ने विद्युत प्रदाय कार्यों का किया निरीक्षण



**डिंडौरी।** कलेक्टर विकास मिश्रा ने जनमन के तहत पीव्हीटीजी समुदाय को विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने के लिए संचालित विद्युत विभाग के कार्यां का निरीक्षण किया। उन्होंने बैगान टोला अझवार, बैगान टोला कुदवारी और चटिया में पहली बार विद्युत आपूर्ति किये जाने पर ग्रामीणों से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने बैगान टोला अझवार में बैगा महिला श्रीमती कलगी बाई के घर जाकर पहली बार घर में बिजली आने के बारे में पूछा। जिस पर कलगी बाई ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए आभार व्यक्त किया। बैगान टोला क्षेत्र में विद्धुत आपूर्ति का प्रारंभ हाल ही में हुआ है। जिसके तहत सिधौली, मोहनझिर, मौहारी, अझवार, चटिया, हिनौता और कुदवारी के 61 घरों में पहली बार विद्युत आपूर्ति की गई है। जिससे ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है। शेष घरों में विद्युत आपूर्ति के लिए कार्य निरंतर जारी है।

## मिले 767 गिद्ध तथा 146 गिद्धों के आवास

**अनूपपुर।** गिद्ध गणना में अनूपपुर वन मंडल में 767 वयस्क एवं अवयश्क गिद्ध तथा 146 गिद्धों के आवास मिले हैं।

### पत्थर खदान में विस्फोट से प्राकृतिक जल स्त्रोत सूखे

# सिलगी नदी का अस्तित्व खतरे में

**क्रेशर संचालक द्वारा भारी मात्रा में विस्फोट किये जाने से पाकर बघर्रा व आसपास गांव में सूखे प्राकृतिक जल स्त्रोत**

**अधिवक्ता सम्यक जैन ने भंडारण अवधि निरस्त करने कलेक्टर को लिखा पत्र**

डिंडोरी एवं उमरिया जिले के सीमा में संचालित सरस्वती स्टोन क्रेशर संचालक के द्वारा खनन नीति एवं पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के दिशा निर्देशों को ताक में रखकर पत्थर उत्तखनन और क्रेशर संचालन किए जाने का मामला विगत दिनों प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था।

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।





खबर प्रकशित होते ही जिला प्रशासन के निर्देश पर खनिज एवं राजस्व विभाग के द्वारा सयुंक्त तौर पर क्रेशर और पत्थर खदान का निरीक्षण किया गया हैं, जब निरीक्षण के संबंध में नायब तहसीलदार शशांक शिंदे से चर्चा की गईं तो उन्होंने कहा की जाँच कर पंचनामा एवं जाँच प्रतिवेदन सौप दिया हैं, अग्रिम कार्रवाई खनिज विभाग के द्वारा की जाएगी। वही जिले के युवा अधिवक्ता सम्यक जैन ने मामले को संज्ञान में लेकर डिंडोरी जिले के पाकर बघर्रा ग्राम में संचालित सरस्वती स्टोन क्रशर को बंद कराने जनता के हित को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन को पत्र लिखा है जिसमें यह स्पष्ट किया गया है की नदी का पानी दूषित हो रहा है, जिससे करीब 800 परिवार के सामने पीने के पानी की समस्या आ रही है। प्रशासन ने तय मानक को दरकिनार करते हुए पत्थर खदान की अनुमति कैसे दी और अब पीने के पानी के लिए क्या इंतजाम किये जा रहे है।ग्राम पंचायत पाकर बघर्रा के ग्रामीण ने 02.10.2023 को पंचायत की बैठक बुलाई थी जिसमे यह निर्णय पारित किया गया था की ग्राम पंचायत में कुआँ व हैंड पम्पों का जल स्तर बहुत कम हो गया है,कारण की सरस्वती स्टोन क्रशर जो बघर्रा में स्थापित है उसके द्वारा बहुत अधिक मात्रा में ब्लास्टिंग किया जा रहा है, जिसके कारण जमीन में धमाके के कारण पूरी जमीन में कंपन से संतुलन बिगड़ता जा रहा है, इस कारण जल का स्तर कम हो गया है तथा पीने के पानी की समस्या अधिक हो गई है जिसे सर्व सम्मति अनुमोदित किया गया था तथा शिकायत जिला कलेक्टर कार्यालय को भी की गई थी वही ग्रामवासियो ने यह भी आरोप लगाए है की ग्राम पाकर बघर्रा एवं सिलगी नदी से लगा हुआ ग्राम भरद्वारा जो की ग्राम पंचायत अमनी पिपरिया के अधीन है से बगैर अनुशंसा प्राप्त किए क्षमता से अधिक वहनों में गिट्टी भरकर परिवहन किया जा रहा है जिससे विशिष्ट रूप से 2 पुल एवं प्रधानमंत्री सड़क एवं ग्राम वसीयो द्वारा प्रयुक्त किए जाने वाले कच्चे रास्ते बेहद खराब हो गये है जिसके संदर्भ में जिला प्रशासन को वर्ष 2023 में आवेदन पेश किया गया था परंतु आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नहीं हुई, जिससे ग्रामीण के सामने स्वतंत्रता के साथ जीवन यापन करना एक बड़ी चुनौती बन गई है।

### भंडारण अवधि निरस्त करने अधिवक्ता ने कलेक्टर को लिखा पत्र

अवैध खनन और क्रेशर संचालन से परेशान ग्रामीणों की समस्या को लेकर युवा अधिवक्ता सम्यक जैन ने कलेक्टर को पत्र लिखकर भंडारण अवधि निरस्त करने की मांग की हैं, क्रेशर संचालक के द्वारा नियमों को धता बताते हुए उच्च क्षमता के विस्फोट से गाँव में पेयजल संकट उत्पन्न हो गया हैं जो हर नागरिक की मूल सुविधा है और प्रशासन का कर्तव्य है कि इसे उपलब्ध कराये। वही आरोप है कि नदी के पास खनन की अनुमति देने के लिए पंचायत ने ग्राम सभा नहीं बुलाई और मनमानी पूर्वक अपने स्तर पर फैसला ले लिया। इससे पूरे गाँव का पानी दूषित हो गया और क़रीब 800 परिवार के सामने पेय जल की समस्या खड़ी हो गई है। सरकार इस पर ध्यान नहीं दे रही है। सम्यक जैन ने नियमों का हवाला देते हुए कलेक्टर सहित सभी वरिष्ठ अधिकारियों को पत्र लिख कर अवगत कराया और न्याय संगत कार्यवाही की माँग की है।

### इनका कहना है

पूरे मामले को संज्ञान में लेकर हमने तहसीलदार व खनिज विभाग की टीम को जाँच करने मौके पर भेजा है, जो भी तथ्य सामने आयेंगे उस अनुसार कारवाही की जाएगी।

**विकास मिश्रा**
**(कलेक्टर व जिला दंडाधिकारी)**

## कम मजदूरी में नाबालिग बच्चों से कराया जा रहा पीएमजीएसवाय सड़क का निर्माण

हरिभूमि न्यूज बजाग।

मजदूर एक ऐसा शब्द है जो आवश्यकताओं के लिहाज से उपयोग किया जाता है चाहे सुई, बनाना हो चाहे हवाई जहाज जरूरत मजदूरों की है। देश के बड़े बड़े आर्केटेक्ट सब मजदूरों की मेहनत का नतीजा है पर इन मजदूरों को इस मेहनत का फल बहुत मुश्किल से मिलता है। पुल बने या घर, कारखाने में काम करें या खेत में, इन्हें मजदूरी मिलती है। दैनिक मजदूरी,जिस दिन काम पर नहीं जाएंगें, वो और उनका परिवार क्या खाएगा सोचना पड़ता है। पूरे परिवार के साथ वे मजदूरी पर चले जाते है। मजदूर की पत्नी भी मजदूरी करती है और बच्चे अन्य मजदूरों के बच्चों के साथ खेलते रहते हैं। मौसम का इन पर कोई असर नहीं पड़ता। सर्दी हो, गर्मी हो या बरसात वे कोल्हू के बैल की तरह जुटे रहते हैं। वे अन्न उत्पादन करते हैं और भूखे सोते हैं। घर बनाते हैं, इमारतें बनाते हैं और आकाश के तले खुले में सोते हैं। कपड़े की मिलों में काम करते हैं पर इनके परिवार के पास तन ढँकने को कपड़े नहीं होते। मजदूरों की दास्तान लंबी है पर बताने वाला कोई नहीं जितना बताऊ उतना कम है। मजदूरों की मजबूरी का फायदा भी उठाया जाता है कहीं काम ज्यादा कराकर दाम कम देना या दाम कम देकर छोटे छोटे बच्चों को काम पर रखना। एक ओर इन मजदूरों की दिशा और दशा बदहाल है, काम के आभाव में घर परिवार छोड़कर 1000 किलोमीटर तक दूर जाकर केरल, हैदराबाद, चेन्नई, महाराष्ट्र, असम, तक मजदूरी करने जाते हैं काम के आभाव में वैसे भी अधिकतर क्षेत्र वासी पलायन करते हैं वहीं कुछ यहां रह भी जाएं तो काम के बदले दाम सही नहीं मिलता शोषण किया जाता है वहीं आज तक कोई इनसे ये नहीं पूंछा कि काम चाहिए, यदि काम मिलता तो इन मजदूरों को काम करने घर बार छोड़कर नहीं जाना पड़ता। जहां मजदूरी के लिए लोग घर बार छोड़कर दूसरे राज्यों से लेकर विदेश तक जाते हैं, तो उनके परिवार का भरण पोषण और व्यवस्था में सुधार होने की कोई भी कोशिश देश की निवर्तमान सरकारें नहीं कर पा रही है, जबकि चुनावों भाषणों में लंबे लंबे भाषणों से मजदूरों की व्याख्या करने वाले नेता भी सिर्फ वोट बैंक की राजनीति के लिए ही मजदूरों के प्रति भावनाएं व्यक्त करते हैं जबकि जमीनी स्तर पर प्रशासन भी कोई पहल नहीं कर पा रहा है। मजदूरों के लिए ग्रामीण अंचलों में एकमात्र विकल्प महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना और क्षेत्र में बन रही रोड़, पुलिया, और अन्या शासकीय स्तर के काम ही है जो रोजगार उपलब्ध कराते हैं वहीं बजाग सैलवार रोड़ निर्माण कार्य पर ठेकेदार नाबालिग बच्चों से कम दाम पर कार्य करा रहे हैं। जबकि पिछले 3-4 सालों से बन रही सड़क पूरा होने का नाम नहीं ले पा रही है। ठेकेदार की मनमानी का आलम यह है कि बिना रियालिटी के जबरन किसी भी के खेत से मुरूम खोदने का काम कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर जिले का खनिज विभाग चिर निद्रा में सो गया है। ठेकेदारों का समर्थन करते यह खनिज विभाग की कार्यप्रणाली निश्चित ही सवालों के घेरे में है। वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधिकारी और तकनीकी अमला आफिस में बैठकर काम का खाना पूर्ति कर रहे हैं।

## लो वोल्टेज और अघोषित बिजली कटौती से पानी की गहराया संकट

### 33 केवी सब स्टेशन में अघोषित बिजली कटौती मामला शहपुरा सहित ग्रामीण इलाके का

हरिभूमि न्यूज शहपुरा।





शहपुरा क्षेत्र में इन दिनों बिजली की आँख मिचोली से ग्रामीण सहित नगर वासी काफी परेशान है और एक तरफ बिजली की लो वोल्टेज के कारण न ही पंखा साथ दे रहा है और ना ही कूलर। बिजली कटौती और लो वोल्टेज के कारण लोगों को पानी की विकट समस्या झेलना पड़ रहा है जिस तरह से क्षेत्र में बिजली की कटौती चल रही है इससे लोग काफी परेशान हैं और बार-बार बिजली की आने और जाने के कारण मशीनरी चीज खराब हो रही है आखिर इसके जिम्मेदार कौन है यह सबसे ज्यादा शहपुरा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों के ग्रामीण खासा परेशान है। 33 केवी लाइन आये दिन मेंटेनेंस के नाम पर बार-बार बिजली बंद करते रहते हैं जबकि ग्रामीणों में जल जीवन मिशन के तहत गांव गांव घर-घर पाइपलाइन बिछाकर नल जल पहुंचाने का काम किया गया लेकिन बिजली विभाग की मनमानी के चलते अब ग्रामीणों को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। शहपुरा नगर में करीब 2 साल से बिजली कटौती बढ़ गई है। इसके साथ ही वोल्टेज भी कम आ रहा है।

बिलागड़ा में 33 केवी सब स्टेशन में हो रही अघोषित विद्युत कटौती के साथ ही लो वोल्टेज की समस्या जिससे नगर में पेयजल आपूर्ति बाधित हो रही है वोल्टेज की समस्या के चलते, करोदी,बरगाँव मुड़की में जलप्रदाय बाधित हो रहा है विद्युत वितरण कंपनी से बार बार संपर्क के बाद भी समस्या का निदान नहीं हो पा रहा है साथ हीं बोर नहीं चल पा रहे हैं। नतीजा पानी की सप्लाई ठीक से नहीं हो रही है। उधर हैंडपंप भी आधे से अधिक खराब हैं। हाल यह है कि लोगों को दूर-दराज लगे हैंडपंपों से पानी भरना मजबूरी बन गई है।

मालूम हो कि नगर के ग्रामीण क्षेत्र में पहले जहां 4 से 6 घंटे बिजली कटौती हो रही थी, वहीं अब 10 से 12 घंटे बिजली कट रही है। बिजली आने और जाने का कोई समय भी निर्धारित नहीं है। इस वजह से लोगों को परेशानियां हो रही हैं। स्थानीय लोगों ने इस संबंध में बिजली कंपनी के अधिकारियों से कई बार शिकायत की है। लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है।

### अघोषित कटौती बनी समस्या

परेशानी का एक मुख्य कारण अघोषित बिजली कटौती है। नगर में कभी भी बिजली चली जाने से पानी नहीं भर पाते हैं। वहीं बोर से पानी की सप्लाई भी नहीं हो पाती है। इसके कारण हम लोगों को पानी हैंडपंपों से भरना पड़ रहा है।

### नहीं चल पा रहे हैं बोर

एक तरफ घंटों तक बिजली कटौती ऊपर से कम वोल्टेज की समस्या के चलते नगर के बोर नहीं चल पा रहे हैं। जिसकी वजह से पानी की सप्लाई नहीं हो पा रही है। नतीजा नगर के कई मोहल्लों में पानी की सप्लाई नहीं हो पा रही है। वोल्टेज भी कम रहता है नगर में बिजली कटौती के साथ ही वोल्टेज की भी समस्या है। क्षेत्र में इतनी भीषण गर्मी भी लोगों का बुरा हाल कर दिया है वही वोल्टेज इतना कम आ रहा है कि कूलर और फ्रिज भी नहीं चल पा रहे हैं। इस कारण जो बिजली आ रही है, स्थानीय लोगों को उसका समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है।

## संगठित एवं जागरूक श्रमिक देश के विकास का आधार हैं

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।





जन शिक्षा संस्थान डिंडौरी द्वारा श्रमिक दिवस 01 मई के अवसर पर श्रमिकों के कानूनी अधिकार एवं जागरूकता विषय पर ग्राम पंचायत समनापुर, में मजदूरों के सम्मान और उनके योगदान को समझाने और मानने के लिए आयोजित किया गया. इस क्रम में विभिन्न प्रशिक्षण केन्द्रों, श्रमिक चैराहों एवं कार्य स्थल पर श्रमिकों के जागरूकता एवं उनके कानूनी अधिकार के संबंध में उन्हें जागरूक किया गया स उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए संस्थान के निदेशक दिवाकर द्विवेदी ने कहा कि हमारे देश के श्रमिक भाइयों के कल्याण एवं विकास के लिये अनेक कानून बनाये गये है केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकारों ने श्रमिकों के कल्याण के लिये कई कार्यक्रम बनाये है जिसकी जानकारी एवं जागरूकता की विशेष आवश्यकता है किन्तु श्रमिक भाइयों के ज्यादातर अशिक्षित एवं जागरूक न होने के कारण उन्हें लाभ नही मिल पा रहा है समाज के प्रत्येक नागरिक तथा स्वैच्छिक संगठनों को श्रमिकों को संगठित एवं जागरूक करने के साथ उनके मौलिक अधिकार के बारे में जागरूक किया जाना आवश्यक है कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सरपंच उपसरपंच तथा महिला सशक्तिकरण को रेखांकित करते हुए महिला ईव्हीएएम बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर श्रीमती सरिता इनवाती एवं श्रीमती चंद्रकांता परते आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ तथा अनेक ग्रामीण जन उपस्थित रहे। श्रीमती चंद्रकांता ने कहा की इस जागरूकता कार्यक्रम से हम सभी शासन की योजनाओं की जानकारी के साथ सभी श्रमिक लाभान्वित होगें।

इस अवसर पर संस्थान के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण का किया गया तथा उन्हें इस प्रमाण पत्र की उपयोगिता के विषय में विस्तार से बताया गया। अपने संबोधन में महिला ईव्हीएएम बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर श्रीमती चंद्रकांता परस्ते ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन सामाजिक संघर्ष के प्रति हमारे समाज के संकल्प को मजबूत करता है और मजदूरों के साथ उनका समर्थन करके हम एक समर्थ और सामूहिक समाज की दिशा में कदम बढ़ाते हैं। यह कार्यक्रम न केवल मजदूरों के सम्मान में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि यह एक समर्थ और सामूहिक समाज के निर्माण की दिशा में भी हमें प्रेरित करता है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए संस्थान के अधिकारी चंदन चैहान ने कहा कि विश्व मजदूर दिवस के इस उत्सव ने हमें एक साथ मिलकर समाज की सामूहिक उन्नति के लिए एक समर्थ और विश्वसनीय प्रयास का प्रतीक प्रस्तुत करना है, इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मजदूरों के अधिकारों की जागरूकता बढ़ाना, उनके सम्मान करना, और उनके साथ एक मिलनसार समाज बनाने की थी श्रीमती मिथिलेश परस्ते में श्रीमती लक्ष्मी तेकाम ने मजदूरों के योगदान की महत्वता पर चर्चा की और कथन का समर्थन किया । कार्यक्रम में संस्थान की ट्रेनर एवं रिसोर्स पर्सन श्रीमती आशा बर्मन, श्रीमती अंजलि तेकाम, खुशबू बर्मन, तथा निखिल तिवारी अपने अनेक लाभार्थियों के साथ उपस्थित रहे।

## अमरकंटक में बंदरों का आतंक

### पर्यटक व नगरवासी भयभीत



**अमरकंटक।** मैकल पर्वत पर स्थित रमणीय स्थल अमरकंटक जो धार्मिक नगरी के साथ ही चर्चित पर्यटक नगरी भी है जहां पर मध्य भारत की जीवन दायिनी नदी मां नर्मदा की उद्गम स्थल भी है। अमरकंटक चारों तरफ से सघन वनों से आच्छादित है एवं तीन पर्वतों की श्रृंखला अमरकंटक में मिलती हैं जिससे यहां का वातावरण एवं पर्यावरण पर्यटकों को मोहित करता है परंतु वर्तमान समय में अमरकंटक में बंदरों का आतंक इस कदर बढ़ा है कि जितने भी अमरकंटक के घूमने वाले स्थान हैं वहां पर पर्यटकों से ज्यादा बंदर पाए जा रहे हैं। वर्तमान में मां नर्मदा उद्गम स्थल परिसर में बंदरों के द्वारा श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को काफी परेशान किया जाता है। ठीक उसी तरह सोन नदी के उद्गम स्थल सोनमूड़ा में प्रायः बंदरों के द्वारा यात्रियों एवं पर्यटकों को हानि पहुंचाई जाती है। अमरकंटक में दक्षिण भारत से पर्यटक रोज लगभग हजारों की संख्या में नर्मदा नदी में पिंडदान करने आ रहे हैं जो बंदरों के आतंक से भयभीत हैं। ऐसे में नगर प्रशासन को ध्यान देना चाहिए कि पर्यटन स्थलों पर जहां पर बंदरों की संख्या ज्यादा है वहां पर बंदरों की रोकथाम की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए जिसमें नगर परिषद अमरकंटक एवं वन विभाग अमरकंटक की

## क्षतिग्रस्त पाईप का उपयोग कर करा रहे पुलिया निर्माण

### सूचना के बाद भी देखता रह गया तकनीकी अमला

हरिभूमि न्यूज बजाग।

जनपद पंचायत बजाग अंतर्गत ग्राम पंचायत भुरसी में मनमाफिक स्थान पर पुल निर्माण कार्य किया जा रहा है, वहां स्थाई तौर पर कोई मौसमी नाला नहीं है, वहीं इस कार्यस्थल में क्रैक पाईप पुलिया डालकर पुलिया निर्माण का कार्य पूरा कर दिया गया।

सवाल यह है कि इस तरह के भ्रष्टाचार की जनपद पंचायत बजाग का तकनीकी अमला कार्यस्थल पहुंचा ही नहीं। जब मीडिया के माध्यम से इस मामले को जनता ने उठाया तो जनपद पंचायत बजाग का तकनीकी अमला जागा। और जब तक तकनीकी अमला कार्यस्थल पहुंचता भ्रष्टाचारियों ने भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए टूटी हुई पाईप पुलिया में रिपेयरिंग कर दिया गया। इतना ही नहीं नियमों की तक में रखकर हुए पुलिया निर्माण में पुलिया स्वीकृत पर ही मनमानी पूर्वक किया गया है। वहीं ग्राम पंचायत भुरसी के सचिव सरपंच द्वारा पुलिया भ्रष्ट करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ा ।

आपको बता दें कि यह पूरा मामला बजाग जनपद पंचायत के ग्राम भुरसी के पोषक ग्राम बघरेली सानी का है, जहां पर सरपंच सचिव एवं तकनीकी अमले की मिली भगत से पुल निर्माण में क्रैक पुलिया डाला यानि फूटी पोल लगाकर पुल निर्माण कार्य करा दिया गया जिसमें साफ साफ नजर आता है जैसे ही मीडिया के माध्यम से खामियां की जानकारी विभागीय अमला तक पहुंची तो पंचायत कर्मियों ने आनन फानन में टूटी पुलिया में मसाला लगाकर गलतियों को छुपाने की कोशिश की जा रही है। वहीं पाईप पुलिया को कवर करने के लिए कंक्रीट डालकर ढंकना होता पर तकनीकी अमले और सरपंच सचिव की लापरवाही के चलते मुरूम डालकर कंक्रीट की राशि हड़पने का प्रयास किया जा रहा है। इस तरह के मामले जब खबरों के माध्यम से प्रकाश में आते हैं तभी तकनीकी अमला जागता है इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जब मीडिया कर्मियों द्वारा भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने खबर प्रकाशन किया गया तो ग्राम पंचायत भुरसी के वार्ड पंच टी एस मरावी पत्रकारों के सिर फोड़ने की बात करते नजर आए। सर्व विदित हो कि ग्राम पंचायत में वार्ड पंच का कार्य भ्रष्टाचार की गतिविधियों को सुधार कराने एवं वार्ड की समस्याओं को दुरुस्त करने की है वही ये वार्ड पंच पत्रकारों का सिर फोडने की बात कर रहे हैं। इतना ही नहीं इस तरह के वार्ड पंच जगह जगह मेट की भूमिका निभाते नजर आ रहे हैं। जिससे की भ्रष्टाचार को बढ़ावा देकर नियम कायदे को दरकिनार रखते हुए निर्माण कार्य में खुल कर भ्रष्टाचारी किया गया जबकि शासन के द्वारा आम जनों के लिए लाखों रुपए खर्च कर पुल निर्माण कार्य कराया गया वहीं पंचायत के जिम्मेदारों ने मोटी रकम कमाने के ऐवज में लाखों रुपए के पुल निर्माण कार्य में जमकर भ्रष्टाचार किया है जिसका खामियाजा आने वाले दिनों में यहां के आम लोगों को उठाना पड़ सकता है। अब देखना यह होगा कि ऐसे भ्रष्टाचार सरपंच सचिव और तकनीकी अमले के ऊपर अधिकारियों के द्वारा कार्यवाही करते हैं या फिर खानापूर्ति कर भ्रष्टाचारियों को अभय दान देते हैं।

### इनका कहना है

पंचायत कर्मियों द्वारा पुलिया निर्माण कार्य में टूटी पुलिया डाली गई है इसलिए टूटी पुलिया को हटाकर नई पुलिया लगाकर निर्माण कार्य किया जाना चाहिए।

**-महेश तेकाम, ग्रामीण**

आपके द्वारा जानकारी मिलते ही जांच की टीम गठित की गई है जल्द ही जांच टीम की रिपोर्ट आते ही नियमानुसार कार्यवाही की जाएंगी।

**-मुंशी लाल धुर्वे**
**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**

## खबर संक्षेप

### महिला एवं पुरूष नसबंदी शिविर हेतु तिथि निर्धारित

**नरसिंहपुर ।** परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत माह मई- 2024 में जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर में महिला एवं पुरूष नसबंदी (एनएसव्हीटी/ एलटीटी) फिक्स- डे सेवा स्थल चिन्हांकित किया गया है। एलटीटी/ एनएसव्हीटी सर्जन जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर डॉ. इति चांदोलकर एवं सहायक सर्जन डॉ. नम्रता शुक्ला द्वारा जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर में नसबंदी ऑपरेशन बुधवार एवं गुरूवार को किये जायेंगे। फिक्स डे स्टेटिक सेवा स्थल पर मानकों के आधार पर सेवायें दी जावेंगी। जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर में महिला एवं पुरूष नसबंदी 2, 9, 16 व 30 मई को करेली और 8, 15, 22 व 29 मई को शहरी व ग्रामीण नरसिंहपुर क्षेत्र के हितग्राही शामिल होंगे। इसी तरह विकासखंड बाबई चीचली के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चीचली में 3 व 24 मई को व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सालीचौका में 17 व 31 मई को, विकासखंड साईंखेड़ा के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सांईखेड़ा में 9 व 30 मई को व सिविल अस्पताल गाडरवारा में 2 व 16 मई को और विकासखंड चांवरपाठा के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तेंदूखेड़ा में 11 व 25 मई को, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रौंसरा में 4 मई को व सिविल अस्पताल गाडरवारा में 18 मई को नसबंदी ऑपरेशन किये जायेंगे। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राकेश बोहरे ने दी।

### पुस्तक मेले का आयोजन 8 को

**नरसिंहपुर ।** राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार व कलेक्टर के मार्गदर्शन में पुस्तक मेले का आयोजन 8 मई को एमएलबी स्कूल नरसिंहपुर में किया जायेगा। इस संबंध में बुधवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान- डाइट नरसिंहपुर में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी एचपी कुर्मी, एडीपीसी रमसा अनिल व्योहार, समस्त विकासखंड के सहायक संचालक, शिक्षा विकासखंड अधिकारी और जिले के शासकीय व अशासकीय विद्यालयों के संस्था प्रमुख मौजूद थे।

### आदित्य ने विद्यालय ,परिवार का नाम रोशन किया



**करेली ।** प्रतिभाएं किसी की मोहताज नहीं होती है वह अपना सफल केरियर बनाने की ओर अग्रसर होती है पर इन प्रतिभाओं को मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है ऐसा ही मार्गदर्शन गुप्ता कोचिंग क्लासेस के संचालक हेमंत गुप्ता भी देते रहते हैं ' गुप्ता कोचिंग क्लासेस के संचालक हेमंत गुप्ता के मार्गदर्शन में खजांची रामकली बाई स्कूल में कक्षा दसवीं में अध्ययन करते हुए सेवा निवृत वरिष्ठ शिक्षक स्वर्गीय डी पी गुप्ता जी के नाती ,वरिष्ठ अधिवक्ता समाजसेवी अनंत गुप्ता के पुत्र और डाक्टर जयंत गुप्ता के भतीजे आदित्य गुप्ता ने कक्षा दसवीं में 500 में से 474 अंक प्राप्त कर 94. 8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कोचिंग क्लासेस के साथ-साथ विद्यालय का नाम रोशन करते हुए गुप्ता परिवार का भी नाम रोशन किया है उनकी उपलब्धि के देखते हुए उनके परिवार के साथ-साथ शुभ चिंतकों ने बधाई शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है ।

### समय सीमा बैठक में विविध बिन्दुओं पर चर्चा

**हरिभूमि न्यूज - करेली ।** जून 2023 में करेली में व्यापक जल भराव की घटनाये सामने आई थी। 2023 में भी पानी निकासी व नाले की सफाई की कोई व्यवस्था न करने के कारण पहली बरसात में लोगो के घरों में भारी जलभराव की स्थिति बन गई है लोगो का जीवन अस्त व्यस्त हो गया था जिले की समय सीमा बैठक में जल भराव का महत्वपूर्ण विषय रहा। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक सम्पन्न हुई।

## स्व. मोनू पटेल की पुण्य स्मृति पर सेवा भावी कार्यक्रम आयोजित

# स्टेडियम ग्राउंड में हुआ आयोजन, नम आंखों से दी श्रद्धांजलि





**बुधवार को युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत, समाजसेवी स्वर्गीय मणिनागेन्द्र सिंह मोनू पटेल के प्रथम पुण्य स्मरण दिवस पर बुधवार को उनकी याद में सेवाभामी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।**

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर / गोटेगांव ।**

मणिनागेंद्र सिंह फाऊंडेशन के सचिव इंजीनियर सरदार सिंह पटेल के नेतृत्व में कबड्डी कोचिंग कैंप, कैरियर गाइडेंस शिविर एवं अन्य सेवा भावी कार्यक्रम आयोजित किए गए समारोह में मुख्य रूप से उपस्थित मध्य प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन के सचिव इंजीनियर सरदार सिंह पटेल ने गोटेगांव विकासखंड में परीक्षा परिणाम में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उन्हे धार्मिक ग्रंथ भगवत गीता एवं शील्ड उपहार स्वरूप प्रदान की ।

### जीवन में लक्ष्य तय कर आगें बढ़े : मंत्री श्री पटेल

मंत्री पहलाद सिंह पटेल ने अपने उद्बोधन में बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में तीन प्रमुख बातों पर सदैव ध्यान रखना चाहिए, परिश्रम करना ,समय के बदलाव के साथ परिवर्तन और तीसरी प्रमुख बात जीवन में लक्ष्य तय करके आगे बढ़ना चाहिए । उन्होंने कहा कि बच्चों के जीवन का यह समय महत्वपूर्ण होता है उन्हें आज इस आयोजन में धार्मिक ग्रंथ भगवत गीता प्रदान की गई है इससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता। बच्चों के भविष्य को गीता का अध्ययन करने से एक दिशा मिलेगी मणिनागेंद्र सिंह फाऊंडेशन को बधाई देते हुए उन्होंने



कहा की बच्चों को भागवत गीता का दिया जाना एक बहुत अच्छा कार्य है निश्चित ही भागवत गीता प्राप्त कर इन बच्चों का भविष्य उज्जवल होगो उन्होंने तीन प्रमुख बातों पर जोड़ दिया कि बच्चों को अधिक परिश्रम करना चाहिए समय के बदलाव के साथ परिवर्तन भी करना चाहिए तीसरी प्रमुख बात है जीवन में संकल्प तय करके चलना चाहिए अपना लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ना चाहिए।

### मोनू की याद में उनके द्वारा किए गए कार्यो को निरंतर जारी रखेंगे: सरदार सिंह

इंजीनियर सरदार सिंह पटेल ने इस अवसर पर अपनी अश्रुपूरित आंखों से मोनू पटेल को भावांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वह सभी के सुख-दुख के साथी थे । जरूरतमंद,असहाय लोगों की मदद करना उनका स्वभाव था । हम उनकी याद में उनके द्वारा किए गए कार्यों को निरंतर जारी रखेंगे ।

### टॉपर विद्यार्थियों का किया गया सम्मान

मणिनागेंद्र सिंह फाऊंडेशन द्वारा स्वर्गीय युवा नेता भैया मोनू पटेल की स्मृति में क्षेत्र की रैंकर विद्यार्थियों का भागवत गीता मोमेंटो एवं शील्ड से सम्मानित किया साथी कार्यक्रम में उपस्थित हुए स्कूल की छात्राओं को सम्मान स्वरूप भगवत गीता वितरित की गई। वही कबड्डी कोचिंग कैंप से उमाशंकर छिरा, इंद्र कुमार ठाकुर, उमाकांत राजपूत, दीपक पटवा, शोभाराम दाहिया ,नरेंद्र पटेल ,पुष्पेंद्र राजपूत राहुल नामदेव एवं अन्य राष्ट्रीय प्रशिक्षकों द्वारा बच्चों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

### पत्रकारों से की चर्चा

कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने अपने भतीजे मणिनागेंद्र सिंह मोनू पटेल को नम आंखों से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए पटेल ने कहा कि मोनू पटेल के समाज सेवा के जो कार्य रह गए हैं उन्हें हम सबको मिलकर आगे बढ़ना होगा। मीडिया से वात करते हुए कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस अपना घर संभाले भाजपा ने जाति और धर्म के आधार पर कभी भेदभाव नहीं किया विरासत से समझौता नहीं और विकास में कोई कमी नहीं यह दोनों बातें मोदी सरकार ने तय कर रखी है ।

### मोनू का जाना क्षेत्र के लिये बड़ी क्षति : प्रहलाद पटेल

मोनू का स्वभाव एक सरल सहज व्यक्तित्व का था मोनू पटेल में समाज सेवा करने का जुनून क्षेत्र की जनता के प्रति लगाव था यही वजह थी कि मोनू क्षेत्र के मसीहा कहे जाते थे जिनकी फैंस फॉलोइंग फिल्मी स्टार से कम नहीं थे ऐसे महान व्यक्तित्व का दुनिया छोड़कर चले जाना परिवार के अलावा एक क्षेत्र के लिए बड़ी क्षति हुई है जिनकी याद में मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन बनाया गया है जो लगातार क्षेत्र के लिए एक जनहित का कार्य करेगा फाउंडेशन द्वारा लगातार क्षेत्र के लिए जनहित से जुड़े कार्य किए जा रहे हैं जिसमें सैनिक स्कूल एक बड़ी उपलब्धि क्षेत्र को हासिल हुई है ।

### इनकी रही उपस्थिति

गोटेगांव विधायक महेंद्र नागेश, नगरपालिका अध्यक्ष पूनम जितेंद्र ठाकुर, उपाध्यक्ष श्रद्धा पंकज चौकसे, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आरती सतीश पटेल, नगर पालिका सांसद प्रतिनिधि पंकज चौकसे, एकम सिंह पटेल, ठेकेदार राजू राजपूत, किशन पटैल, दीपक सोनी, जितेंद्र ठाकुर, राजेश राजपूत, सचिन पाठक, मोनू शर्मा, संदीप विश्वकर्मा, राजा पटेल, श्याम नायक, डा. अमित खरे सहित अतिथियों के साथ मोनू भैया मित्र मंडली उपस्थिति रही ।

# जिलाबदर आदेश का उल्लंघन करने वाला अरोपी गिरफ्तार




**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।**

जिले में गुण्डा, वदमाश एवं आदतन अपराधियों के विरूद्ध पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना ठेमी पुलिस ने जिलाबदर आदेश का उल्लंघन करने वाले आदतन अपराधियो की धरपकड़ पुलिस द्वारा की जा रही है । ज्ञात हो कि माफियांओं एवं आपराधिक तत्वों के खिलाफ चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत अपराधियों में पुलिस का खौफ उत्पन्न करने एवं आम नागरिकों को पुलिस की उपस्थिति का सुखद अनुभव कराने के उद्देश्य से विभिन्न तरह के स्थायी/फरारी/गिरफ्तारी वारंटियों की धरपकड़ के साथ-साथ जिलाबदर अपराधियों की औचक चैकिंग करना इसी के साथ-सांथ थानों में लंबित गंभीर अपराधों के आरोपियों की तलाश की जा रही है। आपराधिक कृत्यों पर अंकुश नहीं लगने से क्षेत्र में शांति व्यवस्था के छिन्न-भिन्न होने की आशंका होने से आदतन शातिर अपराधियों के विरूद्ध ठोस एवं प्रभावी कार्यवाही किये जाने हेतु थाना ठेमी क्षेत्र के आदतन अपराधी मंजा उर्फ आनंद पिता मुनीम चौधरी उम्र 24 साल, निवासी ग्राम मेख, थाना ठेमी के विरूद्ध म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के अंतर्गत - जिला बदर की कार्यवाही करने हेतु जिला दण्डाधिकारी नरसिंहपुर की ओर प्रतिवेदन प्रेषित किया गया था जिस पर जिला दण्डाधिकारी नरसिंहपुर द्वारा म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 (क) के अंतर्गत आदतन शातिर अपराधी को एक वर्ष के जिलाबदर किया गया है। प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर जिलाबदर आदेश का उल्लंघन कर झिरना, नरसिंहपुर के पास मिलने पर आदतन अपराधी आदतन अपराधी मंजा उर्फ आनंद पिता मुनीम चौधरी उम्र 24 साल, निवासी ग्राम मेख, थाना ठेमी को मौके पर पुलिस अभिरक्षा में लेकर विधिवत गिरफ्तार किया गया। जिसके विरूद्ध थाना ठेमी में म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 14 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। आरोपी मंजा उर्फ आनंद को गिरफ्तारी उपरान्त न्यायालय पेश किया गया था जिसे माननीय न्यायालय के द्वारा न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक बी. एल त्यागी के साथ उप निरीक्षक सियाराम सिंह परिहार, प्रधान आरक्षक आशीष मिश्रा, आरक्षक संजय पांडे की सराहनीय भूमिका रही।

# सीएम राइज में समर कैंप का हुआ शुभारंभ

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।**



लोक शिक्षण संचालनालय मध्यप्रदेश के निर्देशन में जिले के सीएम राइज एसडीएम शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर में अध्ययनरत विद्यार्थियों को अकादमिक गतिविधियों के अतिरिक्त प्रतिभा को पहचान कर उनकी रूचि को निखारने के लिए विद्यालयों में समर कैम्प का आयोजन शाला स्तर पर एक मई से 15 मई तक प्रातः 8 बजे से 11 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। समर कैम्प में गत वर्ष के अनुभव के आधार पर कुछ नये विचारों के साथ एक्सपीरियंशल कैम्प एवं एक्सप्लोरर कैम्प के अंतर्गत गतिविधयों का संचालन किया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी एचपी कुर्मी ने विद्यालय स्तर पर निरीक्षण कर आयोजित गतिविधियों का जायजा लिया। इस 12 दिवसीय समर कैंप की गतिविधियों के क्रियान्वयन, रजिस्ट्रेशन एवं पालक सहमति पत्र, प्राचार्य द्वारा गतिविधियों की मॉनिटरिंग व समर कैंप के समापन समारोह संबंधी आवश्यक निर्देश दिये। समर कैम्प में प्राचार्य प्रभात मिश्रा ने बताया कि समर कैम्प में छात्र- छात्राओं द्वारा म्यूजिक, डांस, मधुबनी एवं शिल्पकला, थियेटर, केलीग्राफी-सुलेख की गतिविधियां आयोजित की जा रहीं हैं।

# दानवीर भामाशाह की मनाई जयंती



**हरिभूमि न्यूज - करेली ।** नगर साहू समाज संगठन की माँ कर्मा देवी के जन्मोत्सव की समीक्षा बैठक अग्रवाल सभागार में संपन्न हुई जिसमे सभी संरक्षक मंडल एवं सभी पदाधिकारियों सदस्यो द्वारा बताया गया की 29 अप्रैल दानवीर भामाशाह जयंती के रुप मे मनाया जाता है और दानवीर भामाशाह अपनी दानवीरता के कारण इतिहास में अमर हो गए थे भामाशाह के सहयोग से ही महाराणा प्रताप को को संघर्ष की नई दिशा मिली और उनका आत्मविस्वास मुगलो के सामने डीगा नहीं और उनका आत्मसम्मान बना रहा। प्रचलित लेखो मे कहा जाता है कि जब महाराणा प्रताप का मुगलो से युद्ध करते समय पूरा राजकोष समाप्त हो गया था तब भामाशाह ने अपनी सारी जमा पूंजी महाराणा को समर्पित कर दी और अपने शरीर के अंगो तक का दान कर दिया था। ऐसे भामाशाह जी की जयंती के अवसर पर उनका परिचय और दानवीरता का महत्व बताया और साथ में करेली नगर साहू समाज का ट्रस्ट एवं भवन निर्माण मंदिर निर्माण की बात की गई माँ कर्मा देवी जी के जन्मोत्सव पर नगर के सभी सामाजिक बंधुओ द्वारा दानराशि और अन्नदान दिया उसके आय.व्यय हिसाब. किताब,सभी समस्त सामाजिक बंधुओ के सामने रखा। बैठक में नगर के सभी वरिष्ठ, संरक्षक मंडल अध्यक्ष एवं सभी युवा मंडल के समस्त पदाधिकारी और नगर साहू समाज के समस्त सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

# सार्वजनिक प्याऊ का शुभारंभ



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** बुघवार को मिलन समिति द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी समिति के कार्यलय रिपटा पार कंदेली में निशुल्क सार्वजनिक प्याऊ का शुभारंभ किया गया । उक्त मौके पर संरक्षक एस के चतुवेर्दी एवं लक्षण वैष्णव, अध्यक्ष संजय राय, सचिव छोटू पटेल, गोपाल पुरी गोस्वामी, दीपक रामावत सहित उपस्ति रहे । अध्यक्ष श्री राय द्वारा बताया गया कि समिति द्वारा आगामी सतुआई अमावस्या पर सत्तू एवं बेल शर्बत वितरण का आयोजन किया जाएगा।

In The Court Of I Civil Judge Junior Division, District Court, Narsinghpur

Presiding Officer: राधाकृष्ण यादव

आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक

(MJCSUC/0000004/2024)

समर्थ सिंह राजपूत......आवेदक Vs

शारदा सिंह राजपूत.......अनावेदक

Process Id- /2024

पेशी दिनांक :- 16/05/2024

प्रेषिति-

(1) आम जनता नरसिंहपुर

(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक समर्थ सिंह राजपूत पता लक्ष्मी नारायण वार्ड करेली ने मृतक दीपा सिंह राजपूत पिता हरपाल सिंह राजपूत निवासी लक्ष्मी नारायण वार्ड करेली की राशि संपत्ति हेतु उत्तराधिकार अथवा अभिभावक / संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 16 मई 2024 को नियत है । यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक / संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किए जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 16 मई 2024 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे । सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवाई एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा ।

यह तारीख 23 अप्रैल 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है ।

नोट - यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जाएगा ।

राधाकृष्ण यादव

प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड के प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश

नरसिंहपुर म. प्र.

मुद्रा